कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्याः एम0ई0–3/2022/2897 लखनऊःदिनांक 10 दिसम्बर 2022

यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 के मॉप–अप राउण्ड के संबंध में अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना

यू0पी0नीट यू0जी0 2022 के मॉप–अप राउण्ड हेतु च्वाईस फिलिंग दिनांक 10.12.2022 से प्रारम्भ हो चुकी है। उक्त के संबंध में अभ्यर्थियों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश निम्नलिखित हैं:–

- SAC के अन्तर्गत समस्त सीटें प्रदर्शित की जा रही हैं। SAC में प्रदर्शित की गयी सीटें OBC/SC/ST/EWS श्रेणी की समस्त सीटों का योग है। इन श्रेणी की सीटों पर आवंटन के पश्चात यदि इन श्रेणी की सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो SAC में प्रदर्शित की गयी सीटों की संख्या को घटाते हुए इन सीटों को अनारक्षित श्रेणी में आमेलित (Merge) करते हुए आवंटन की कार्यवाही की जायेगी।

- ऑल इण्डिया काउंसिलिंग एवं अन्य राज्यों की काउंसिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थी उ0प्र0 राज्य के मॉप–अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं हैं।

- मॉप–अप राउण्ड में आवंटन प्रकिया के दौरान यदि निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों की अल्पसंख्यक श्रेणी (Minority) की सीटें अनावंटित/रिक्त रह जाती हैं, तो इन सीटों को अनारक्षित श्रेणी में आमेलित (Merge) करते हुए आवंटन की कार्यवाही की जायेगी।

अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु वेबसाईट upneet.gov.in तथा dgme.up.gov.in का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

महानिदेशक